आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 मंगलवार 21.04.2026

मुख्य समाचारः—

1— आम जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही राज्य में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर शुरू किया जाएगा।

2— उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पंचायतों में बेतरतीब निर्माण, अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर रोक लगाने के दिए निर्देश।

3— रेलवे अगले तीन महीने में देशभर में कुल नौ सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियां संचालित करेगा।

4— प्रदेश के अधिकतर इलाके भीषण गर्मी की चपेट में—आने वाले दिनों में और बढ़ेगा तापमान।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर

आम जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही राज्य में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर शुरू किया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए समय निर्धारित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री—विधानसभा सत्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सरकार जल्द ही विधानसभा का एक दिवसीय सत्र बुलाएगी। इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा और उसे पारित कर विपक्ष के इस रवैये के खिलाफ सशक्त और स्पष्ट संदेश दिया जाएगा। रायपुर में कल आयोजित जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि यह विषय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है।

वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण पर जोर दिया।

जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी के अलावा उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपने विचार रखे।

केन्द्र—दूध/एलपीजी आपूर्ति

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण और आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। पशुपालन और डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रस्तोगी ने कहा कि दूध तथा उसके उत्पादों की कीमतें स्थिर हैं और बाजार में कोई व्यवधान नहीं आया है।

वहीं, सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति भी सामान्य है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

अरूण साव–समीक्षा

रायपुर में नगरीय निकायों की समीक्षा के दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बेतरतीब निर्माण, अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यों में कसावट लाने और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने इकतीस मई तक नई संपत्तियों पर करारोपण पूरा करने, सफाई, जल प्रबंधन और नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इससे पहले, श्री साव ने कल प्रदेश के नगर निगमों और नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा की थी। उन्होंने पेयजल आपूर्ति, अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण पर नाराजगी जताते हुए एक वर्ष में स्थायी समाधान करने को कहा। श्री साव ने धमतरी की पेयजल योजना में देरी पर कार्यपालन अभियंता को निलंबित करने और ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने इकतीस मई तक नाला–नालियों और ड्रेनेज की सफाई पूरी करने तथा बरसात में जलभराव रोकने के उपाय करने को भी कहा।

जनगणना

छत्तीसगढ़ में जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत डिजिटल स्व–गणना की प्रक्रिया जारी है। ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक राज्य में साढ़े तेईस हजार से अधिक नागरिकों ने स्व–गणना पूरी कर ली है। जबकि, बत्तीस हज़ार से अधिक नागरिकों ने स्व–गणना पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर लिया है। स्व–गणना का कार्य तीस अप्रैल तक चलेगा।

स्व–गणना के बाद एक से तीस मई तक मकान की गणना और सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। नागरिकों की सहायता के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर – एक आठ पांच पांच भी दिया गया है।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियां

रेलवे अगले तीन महीने में देशभर में कुल नौ सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियां संचालित करेगा। पंद्रह अप्रैल से पंद्रह जुलाई तक के दौरान ये रेलगाडियां अट्ठारह हजार दो सौ बासठ फेरे लगाएंगी।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए हुजूर साहेब नांदेड–आसनसोल–हुजूर साहेब नांदेड के बीच एक–एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या शून्य सात सात शून्य एक नांदेड से आज इक्कीस अप्रैल को और शून्य सात सात शून्य दो आसनसोल से तेईस अप्रैल को चलेगी। इन ट्रेनों का ठहराव गोंदिया, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर सहित कई स्टेशनों पर रहेगा।

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बस्तर संभाग के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित गांवों में जाकर अब तक लगभग चार लाख बीस हजार से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण पूरा कर लिया है। अभियान के तहत मरीजों की निःशुल्क जांच करने के साथ उन्हें दवा और उपचार की सुविधा भी दी जा रही है। साथ ही चार हजार से अधिक गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा गया है। योजना के तहत प्रत्येक नागरिक का डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल–आभा तैयार की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

दुर्घटना

रायपुर जिले के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह ट्रक एक सीमेंट कंपनी की बताई जाती है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। घटना से नाराज परिजन आज सुबह से शवों को सीमेंट कंपनी के परिसर के बाहर रखकर मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

वहीं, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में अजगरा नाले के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

महासमुंद–चांदी जब्त

महासमुंद जिले की सिंघोड़ा पुलिस ने अंतर्राज्यीय सीमा पर अवैध रूप से ले जाए जा रहे अट्ठारह किलो से ज्यादा चांदी के जेवर बरामद करने में सफलता हासिल की है। इसकी अनुमानित कीमत करीब सैंतालीस लाख रूपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक रेहटीखोल नाके पर तलाशी के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही निजी ट्रेवल्स की बस से जांच के दौरान यह चांदी बरामद हुई। एक युवक अपने बैग में छह सौ नग चांदी की पायलें लेकर जा रहा था। लेकिन, वह वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और आयकर विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर इलाके इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। बीते चौबीस घंटों के दौरान बिलासपुर में सबसे अधिक करीब चवालीस डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जबकि, राज्य के दक्षिणी इलाके में तापमान कम है और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और बढ़ोत्तरी हो सकती है। मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर लू चलने की आशंका है।

मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए इससे बचाव के लिए रायपुर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने लोगों से सावधानी बरतने और जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर शीतल जल केंद्र और कूलिंग शेल्टर बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक से निपटने की व्यवस्था की गई है। वहीं, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

इसी तरह, भीषण गर्मी को देखते हुए बेमेतरा जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने अधिकारियों को जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नियमित स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में हर घर तक पानी पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

– आज राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दी हैं।

– भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य पदार्थों में अश्वगंधा की पत्तियों के प्रयोग पर अब प्रतिबंध लगा दिया है। प्राधिकरण ने खाद्य कारोबार संचालकों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों में केवल अश्वगंधा की जड़ और उसके अर्क का ही इस्तेमाल करें।

– राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन्स सत्र–दो के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में कुल दो लाख पचास हजार एक सौ बयासी अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य घोषित हुए हैं।

– कोंडागांव जिले की केशकाल पुलिस ने एक सौ पंद्रह किलो गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े ग्यारह लाख रूपये बताई जाती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>